Roll No. : | | | | | | | | | | |

कुल प्रश्नों की संख्या : 18]

Total No. of Questions : 18]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11

[Total No. of Printed Pages : 11

# K-241300-B

## हाई स्कूल परीक्षा / High School Examination

## विषय : सामाजिक विज्ञान

## Subject : Social Science

समय : 3 घण्टे]

Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 75

[Maximum Marks : 75

**नोट** :- सभी प्रश्न हल कीजिए।

*Note* :- Attempt all questions.

निर्देश (अ) : प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है- खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स)। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित संबंध जोड़िए से सबंधित प्रश्न है। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

Instruction (A) : Question No. 1 is an objective type question. It has three Parts - Part (A), Part (B) and Part (C). Part (A) has multiple choice type questions. Part (B) has fill in the blanks and Part (C) has match the following. Each Part has 5 questions and each question carries 1 mark.

प्रश्न-1 (खण्ड - अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए: [1x5=5]

(Part – A) Choose and write the correct option:

(i) विकास का वास्तविक अर्थ है-

(अ) आय से (ब) जीवन प्रत्याशा से

(स) साक्षरता दर से (द) उपर्युक्त सभी

Real meaning of development-

(a) From income (b) By life expectancy

(c) By literacy rate (d) All of the above

(ii) मिट्टी के प्रकार का निर्धारण होता है-

(अ) भू-आकृति से (ब) हिम अपरदन से

(स) जल स्त्रोतों से (द) वैश्वीकरण से

The type of soil is determined-

(a) From landform

(b) From snow erosion

(c) From water sources

(d) From globalization

(iii) लम्बे समय से रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता-

(अ) बढ़ती है

(ब) स्थिर रहती है

(स) कम होती है

(द) कभी बढ़ती है तो कभी स्थिर रहती है

Soil fertility due to long-term use of chemical fertilizers-

(a) Increases

(b) Remains stable

(c) is reduced

(d) sometimes it increases and sometimes it remains stable

(iv) रूसी क्रांति का जनक (नेता) थे-

(अ) स्टालिन (ब) हिटलर

(स) लेनिन (द) जार निकोलस

____was the father (leader) of Russian Revolution.

(a) Stalin (b) Hitler

(c) Lenin (d) Czar Nicholas

(v) 90 प्रतिशत तक मानसिक विकास किस उम्र के बच्चों का हो चुका होता है?

(अ) 2 वर्ष (ब) 3 वर्ष

(स) 4 वर्ष (द) 5 वर्ष

At what age children reach 90% mental development?

(a) 2 years (b) 3 years

(c) 4 years (d) 5 years

**प्रश्न-1** (खण्ड - ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: [1x5=5]

(Part - B) Fill in the blanks:

(i) साइलेंट स्प्रिंग पुस्तक के लेखक का नाम _____ है।

The author of the book silent spring is _____.

(ii) ब्याज दरों का निर्धारण _____ करता है।

_____ determines the interest rates.

(iii) जन्म के 6 माह तक के बच्चों को आहार के रूप में _____ देना चाहिए।

Children upto 6 months of age should be given _____ as food.

(iv) भारत में वयस्क मताधिकार _____ वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्राप्त होता है।

In India adult franchise is obtained on completion of _____ years of age.

(v) गांव और नगर के बीच की इकाई को _____ कहते हैं।

The unit between village and city is called _____.

**प्रश्न-1** (खण्ड - स) उचित संबंध जोडिए: [1x5=5]

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) आयकर | (अ) बॉक्साइट |
| (ii) मनरेगा | (ब) इंटरनेट |
| (iii) एल्युमिनियम | (स) 100 दिनों का रोजगार |
| (iv) डिजिटल क्रांति | (द) आजाद हिन्द फौज |
| (v) सुभाषचंद्र बोस | (इ) प्रत्यक्ष कर |

(Part – C) Match the following:

| (A) | (B) |
|---|---|
| (i) Income tax | (a) Bauxite |
| (ii) MANREGA | (b) Internet |
| (iii) Aluminum | (c) 100 days employment |
| (iv) Digital revolution | (d) Azad Hind Fauj |
| (v) Subhash Chandra Bose | (e) Direct tax |

निर्देश (ब) : प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

Instruction (B) : Question No. 2 to 6 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word-limit of answer is 30 words)

**प्रश्न-2** 'सिंक क्षमता' का अर्थ स्पष्ट कीजिए [2]

Explain the meaning of 'Sink Capacity'.

**प्रश्न-3** भारत में सर्वाधिक मात्रा में पाये जाने वाला धात्विक खनिज क्या है? [2]

What is the most abundant metallic mineral found in India?

**प्रश्न-4** दो मुख्य खरीफ फसलों के नाम लिखिए। [1+1=2]

Write the names of two main Kharif Crops.

**प्रश्न-5** सरकार के लिए बजट क्यों जरूरी है? बजट में करों की चर्चा क्यों की जाती है? [1+1=2]

Why is budget important for the government? Why are taxes discussed in the budget?

**प्रश्न-6** "दीर्घकालीन भूख" क्या है? [2]

What is "Chronic Hunger"?

निर्देश (स) : प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

Instruction (C) : Question No. 7 to 10 are very short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word-limit of answer is 50 words)

**प्रश्न-7** जनगणना से कौन-कौन से आँकड़े प्राप्त होते हैं? [1+1+1 =3]

What figures do we get in census?

**प्रश्न-8** उपनिवेशीकरण क्या है? उपनिवेशी शासन भारत में कब समाप्त हुआ? [2+1=3]

What is Colonization? When did Colonial rule end in India?

**प्रश्न-9** सूचना का अधिकार का उपयोग कर जनता पंचायत से क्या-क्या सुविधा प्राप्त कर सकती है? [1+1+1=3]

What facilities can the public get from the Panchayat by using the Right to Information?

**प्रश्न-10** वैश्वीकरण से छोटे उत्पादकों को कौन सी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? [1+1+1=3]

What challenges do small producers face due to globalization?

निर्देश (द) : प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

Instruction (D) : Question No. 11 to 14 are short answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 4 marks. (Maximum word-limit of answer is 75 words)

**प्रश्न-11** अगर हिन्दू कोड बिल पारित नहीं होते तो भारत में महिलाओं की स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ता? [1+1+1+1=4]

If Hindu Code Bill (Law) would have not passed, what effect would have been on women of India?

**अथवा**

**OR**

भाषा आधारित प्रदेश गठन से क्या-क्या सकारात्मक प्रभाव हुए?

What were the positive effects of the formation of language based states?

प्रश्न-12 द्वितीय विश्वयुध्द के चार कारणों का उल्लेख करें। [1+1+1+1=4]

Mention four reasons for World War II.

अथवा

OR

फॉसीवाद के चार लक्षण लिखिए।

Write four characteristics of fascism?

प्रश्न-13 "1914 ई. में प्रारम्भ हुए युध्द को विश्वयुध्द कहा जाता है।" इस कथन की पुष्टि करें। [1+1+1+1=4]

The war that started in 1914 AD is called World War. Confirm this statement.

अथवा

OR

राष्ट्र संघ की स्थापना के किन्ही चार सिध्दांतों को लिखिए।

Write any four principles of the League of Nations was established?

प्रश्न-14 नवीनीकरण संसाधन एवं अनवीनीकरण संसाधन में क्या अन्तर है? [1+1+1+1=4]

What is the difference between renewable resources and non-renewable resources?

अथवा

OR

भू-अधिग्रहण अधिनियम 2013 पर प्रकाश डालिए।

Throw light on land acquisition act 2013.

निर्देश (इ) : प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है)

Instruction (E) : Question No. 15 and 16 are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 5 marks. (Maximum word-limit of answer is 100 words)

**प्रश्न-15** नि:शस्त्रीकरण की आवश्यकता क्यों है? [1+1+1+1+1=5]

Why was disarmament needed?

**अथवा**

**OR**

सामाजिक आन्दोलन की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

Write the main features of social movement.

**प्रश्न-16** ऋण किसे कहते है? ऋण के लिए शर्तें जैसे ब्याज दर समय, जमानत गिरवी आदि की आवश्यकता क्यों होती है? [1+1+1+1+1=5]

What is loan? Why some condition like interest rate, time, guarantor, mortgage etc. are essential for loan?

**अथवा**

**OR**

यदि भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैकों पर नियंत्रण नहीं रखे तो मुद्रा एवं साख व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

If the Reserve Bank of India does not control commercial banks, what will be the impact on the currency and credit system?

निर्देश (फ) : प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

Instruction (F) : Question No. 17 and 18 are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 6 marks. (Maximum word-limit of answer is 150 words)

**प्रश्न-17** मुद्रित माध्यम और टी.वी. के संप्रेषण में आप क्या समानता और अन्तर देखते है? [3+3=6]

What similarities and differences do you see between print media and T.V. communication?

**अथवा**

**OR**

जनसंचार माध्यमों के लाभ व हानि लिखिए।

Write the advantages and disadvantages of mass media.

**प्रश्न-18** भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों व कार्यों की संक्षेप में विवेचना कीजिए। [1+1+1+1+1+1=6]

Briefly discuss the powers and functions of the President of India.

**अथवा**

**OR**

भारतीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री एक धुरी के रुप में काम करता है। वह मनमानी नहीं करें और तानाशाह न बने, इसको किन-किन तरीकों से सुनिश्चित किया गया है?

In Indian democracy, The Prime Minister works like an axis. He should not be autocratic and become dictator, for this which methods are precised?